सार्वजनिक
3.11.2016

UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष कोड
समूह कार्यकारी टीम द्वारा अनुमोदित

**UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष कोड**

**परिचय**

UPM का लक्ष्य एक विश्वसनीय व्यावसायिक भागीदार बनना और हमारा मानना है कि जिम्मेदार और नैतिक प्रक्रियाएं UPM और उसके हितधारकों दोनों के लिए ही दीर्घकालीन बहुमूल्यता का निर्माण करेंगी। UPM ने ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अपनी आचार संहिता में दर्ज किया है। हमारा प्रमुख सिद्धांत यह  है कि हम  किसी भी परिस्थिति में ईमानदारी के अपने मानकों से कभी भी समझौता नहीं करते हैं और यही अपेक्षा हम  अपने आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्ष मध्यस्थों से भी करते हैं।

सभी UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष मध्यस्थ (उदा. UPM की ओर से कार्य कर  रहे एजेंट, परामर्शदाता, सलाहकार, संयुक्त उद्यम भागीदार, स्थानीय भागीदार, या वितरक) इस  UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता में निर्धारित मानकों का पालन करेंगे। आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता कार्य-संपादन का वह न्यूनतम स्तर निर्धारित करते हैं, जिसकी अपेक्षा UPM अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं और तृतीय-पक्षों से करता है।

आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष कोड का सबसे नवीनतम संस्करण UPM वेबसाइट में उपलब्ध है।

**1. सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता**

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- लागू सभी कानूनों और विनियमों का पालन करेगा।
- यदि आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष, आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का पालन करने में असमर्थ है, तो इसकी सूचना तुरंत UPM को देगा।

**2. लोगों और मानव-अधिकारों का सम्मान करना**

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- मानव अधिकार के संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) और संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संघ द्वारा मान्य अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों का पालन करेगा।
- सार्वभौमिक मानवीय अधिकार जैसे विचार, मत, अभिव्यक्ति, धर्म की स्वतंत्रता, तथा शांतिपूर्वक एकत्र होने का अधिकार, साथ ही जाति, आयु, राष्ट्रीयता, लिंग या लैंगिक-रुझान के आधार पर  किए जाने वाले किसी भी भेदभाव से स्वतंत्रता का सम्मान करेगा।

- कार्य समय और क्षतिपूर्ति के संदर्भ में ILO घोषणा और स्थानीय कानूनों का सम्मान करेगा और सुनिश्चित करेगा की किसी भी परिचालन या गतिविधि में बंधुआ मजदूर या बाल श्रम का उपयोग और 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कार्य पर नियुक्त नहीं किया जाए। यदि किसी भी परिचालन मे बंधुआ मजदूर या बाल श्रम पाया जाता है, तो आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष UPM को तत्काल सूचित करेगा और UPM को स्वीकार्य सिद्धांतों के अनुरूप स्थिति में सुधार का प्रयास करेगा।
- इसके परिचालनों द्वारा प्रभावित कर्मचारियों, आगंतुकों और अन्य लोगों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और बचाव सुनिश्चित करेगा।
- UPM के परिसरों में कार्य करते समय या दौरा करते समय UPM की सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा और आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण संचालित करेगा।

### 3. पर्यावरणीय प्रभाव और उत्पाद सुरक्षा का ध्यान रखना

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- भूमि, जल, जैव-विविधता और वायु पर पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करेगा।
- कानून और निर्माता के निर्देशों के अनुसार खतरनाक अपशिष्ट के उपचार सहित, उसके परिचालनों से या उसके अधिकार में मौजूद उत्पादों या ग्राहकों की किसी भी संपत्ति से उत्पन्न किसी भी अपशिष्ट का प्रबंधन करेगा।

### 4. भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण असहनशीलता

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- किसी भी परिस्थिति में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी अधिकारियों या निजी व्यक्तियों को रिश्वत का भुगतान, प्रदान, प्रस्ताव या उसका अनुमोदन नहीं करेगा।
- किसी भी परिस्थिति में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तृतीय-पक्ष से ना रिश्वत लेगा, ना अनुरोध या स्वीकार करेगा।
- ऐसी किसी भी गतिविधि , जिससे रिश्वत, भ्रष्टाचार या अन्य अनुचित बातों का आभास होता हो उससे दूर रहेगा।
- अपने परिचालनों में भ्रष्टाचार, और रिश्वतखोरी को रोकने के लिए पर्याप्त प्रक्रियाएं बनाए रखेगा।
- यदि UPM के कर्मचारियों में किसी भी भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी का पता चलता है, तो UPM को तुरंत सूचना देगा।

### 5. व्यावसायिक पारदर्शिता

UPM आपूर्तिकर्ता तृतीय पक्ष:

- लागू कानूनों के तहत उचित रूप से संगठित और मान्य रूप से मौजूद कानूनी इकाई बनाएगा।

- अपने व्यवसाय का संचालन करने के अधिकार के तहत , UPM के साथ अनुबंध और अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा।
- किसी प्रतिष्ठित बीमाकर्ता द्वारा मान्य दायित्व बीमा और यथोचित बीमा प्रमाणपत्र बनाए रखेगा जिनके उत्तरदायित्व का UPM पर प्रभाव पड़ सकता है।
- ऐसे जोखिमों के प्रति सजग रहेगा, जो उसके विषयाधीन हो, यथोचित जोखिम कम करने की प्रक्रियाएं बनाए रखेगा और यदि जोखिमों का प्रभाव UPM के व्यवसाय पर पड़ सकता हो, तो UPM को तुरंत सूचित करेगा।
- प्रयोजनीय कर कानून का पूरी तरह अनुपालन करेगा और प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित सभी कर और अन्य आधिकारिक भुगतान करेगा।
- लागू सभी काले धन - विरोधी कानूनों और व्यापार प्रतिबंध व्यवस्थाओं का पूर्ण रूप से पालन करेगा।

## 6. प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- सभी लागू प्रतियोगी कानूनों का अनुपालन करेगा और ग्राहकों, वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यावसायिक सहयोगियों सहित प्रतियोगी रूप से प्रतिबंधित सभी अनुबंधों, व्यापार प्रक्रियाओं, बैठकों या किसी भी अन्य भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया में शामिल या संलग्न नहीं होगा।

## 7. परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण करना

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- UPM की संपत्ति को सावधानी से इस्तेमाल करेगा।
- UPM की गोपनीय जानकारी को अनधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण से बचाएगा।
- UPM के संबंध में UPM की अनुमति के बिना किसी भी घोषणा, प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति या अन्य सार्वजनिक घोषणा का प्रकाशन नहीं करेगा।
- अन्य व्यक्तियों के बौद्धिक संपदा के अधिकारों का सम्मान करेगा।
- UPM के साथ हितों के सभी टकरावों की उपेक्षा करेगा और यदि ऐसी घटनाएं होती हैं, तो UPM को तत्काल सूचित करेगा।

## 8. स्रोत के प्रति उत्तरदायित्व

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- किसी गैरकानूनी व्यावसायिक गतिविधि या इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता की किसी भी आवश्यकता के उल्लंघन में शामिल होने के जोखिम की पहचान करेगा और उसे कम करने के लिए अपने व्यावसायिक भागीदारों को जानकर ध्यानपूर्वक चयन करेगा।

- व्यापार संबंधी सभी लेन-देन का पूरा और सही प्रमाण रखेगा।
- इस  आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता में वर्णित आवश्यकताओं को उनकी आपूर्ति श्रृंखला के अतिरिक्त चरणों तक ले जाएगा।

## 9. हितधारकों और समाज के साथ संलग्न होना

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष:

- अपने हितधारकों के साथ स्पष्ट और पारदर्शी संचार करेगा और हितधारकों के साथ संवाद को प्रोत्साहित करेगा।
- जब भी संभव हो, उनके स्थानीय समुदायों के हित और विकास के लिए सकारात्मक योगदान करेगा।
- ऐसी घटनाओं में, जहां व्यवसाय का संचालन स्थानीय सरकार के साथ किया जाता है, यह  सुनिश्चित करेगा कि भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का उल्लंघन न हो और इस  आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता के अनुपालन में समन्वय की पूर्ति की जाए।

## 10. अनुपालन का संबंध प्रत्येक व्यक्ति से है

UPM आपूर्तिकर्ता/तृतीय पक्ष :

- आंतरिक और बाहरी संसाधनों द्वारा ऑन-साइट परीक्षण संचालित करने के माध्यम से इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता के अनुपालन का सत्यापन करने के लिए UPM को अनुमति देगा।
- UPM के सर्वेक्षणों का समयोचित रूप से प्रतिसाद करेगा।
- यह समझना कि कानूनों का या इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता का उल्लंघन या सुधार कार्रवाई करने की विफलता को UPM द्वारा संविदा का उल्लंघन माना जाएगा और इससे UPM को आपूर्तिकर्ता या तृतीय-पक्ष के साथ व्यावसायिक संबंध समाप्त करने का अधिकार मिल सकता है।
- कर्मचारियों को दुर्व्यवहार के बारे में अनाम रूप से अपनी चिंताएं उठाने या सुधार का सुझाव देने या सामान्य फ़ीडबैक देने के लिए साधन प्रदान करेगा।
- इस आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष संहिता के किसी भी संदिग्ध या देखे गए उल्लंघन की रिपोर्ट तत्काल UPM को करेगा। अनाम रिपोर्ट इसके माध्यम से की जा सकती है:

| | |
|---|---|
| वेब: | www.upm.com/reportmisconduct |
| ईमेल: | reportmisconduct@upm.com |
| पोस्ट: | UPM-Kymmene Corporation<br>आंतरिक लेखा परीक्षा/शिकायत के प्रमुख<br>P.O. Box 380<br>FI-00101 Helsinki<br>Finland |

दुर्व्यवहार की रिपोर्ट की UPM द्वारा ध्यानपूर्वक समीक्षा की जाएगी और उसे यथासंभव अधिकतम सीमा तक पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।